# UP News: एक्शन में मंत्री राकेश सचान, एमएसएमई उद्यमियों के लिए बनाई खास योजना, मिलेगा 1 करोड़ तक का लोन

हथकरघा और खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने अपने आगामी दो वर्षों की विभागीय कार्य योजना को बाराबंकी जिले में साझा किया है। मंत्री ने कहा है कि 100...



एक्शन में हथकरघा- खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान

**जितेंद्र कुमार मौर्य, बाराबंकी :** योगी सरकार के हथकरघा एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान पूरे एक्शन नजर आ रहे हैं। बाराबंकी जिले में मंत्री ने विभाग की आगमी पूरे वर्ष में कार्ययोजना गिनाई हैं। वहीं कार्यों में तेजी लाने के लिए जून महीने के अंत में एमएसएमई (MSME) के तहत मेला लगा कर एक लाख उद्यमियों को लोन देने की तैयारी की है। मंत्री राकेश सचान ने बताया कि आगरा, कानपुर और गोरखपुर जिले में तीन फ्लैट कॉरिडोर बनाने का खाका तैयार किया है और जल्द ही शिलान्यास की तिथि निर्धारित की जाएगी।

- Amazon Summer sale- सभी के लिए बड़ी बचत- फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन और उपकरणों आदि पर शानदार डील पाएं|

यूपी सरकार में हथकरघा एवं खादी ग्रामो उद्योग मंत्री राकेश सचान मंगलवार को अपने निजी दौरे पर नगर क्षेत्र में आलापुर में प्रतिष्ठित उद्यमी जयशंकर वर्मा द्वारा आयोजित के एक शोरूम शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान एनबीटी से बात करते हुए मंत्री ने विभाग में कार्ययोजना की रणनीति साझा की। मंत्री ने बताया कि 100 दिन में हम क्या करेंगे, 6 माह में और 2 साल में क्या करेंगे इसकी कार्य योजना का प्रेजेंटेशन हो चुका है।

सौर ऊर्जा से दूर की जाएगी चित्रकूट धाम मंडल की बिजली की समस्या, जानिए क्या है पूरा प्लान

### एक्शन मोड में हैं हम

मंत्री राकेश सचान ने बताया कि अभी हम लोग जून महीने के अंत में एमएसएमई (MSME) के तहत ऋण मेला लगाने जा रहे हैं। जिसमें करीब 1 लाख उद्यमियों को आमंत्रित कर उन्हें लोन देने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा आगरा, कानपुर, गोरखपुर जिलों में जमीन मिल चुकी है। वहां तीन फ्लैट कॉरिडोर बनाने की योजना है जिसको जल्द ही शिलान्यास करने की तैयारी है।

### 25 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ मिलेगा योजना ऋण

ग्रामोउद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रम सम्मान योजना, विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री स्वारोजगार योजना के तहत 25 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ ऋण देने की तैयारी की है। एमएसएमई की नई नीति के तहत जीएसटी (GST) हटा दिया गया है, जिससे उद्यमियों को बेहतर लाभ मिल सके। क्योंकि जीएसटी में छूट का पैसा उद्यमियों को नहीं मिल पाता था।

### ऐप से होगी मॉनिटरिंग

मंत्री ने बताया कि विभाग ने उद्यम सारथी ऐप लांच किया गया जिसमें बैंक और खादी ग्रामोद्योग विभाग को जोड़ कर उद्यमियों को लाभ पहुंचाया जाएगा। बैंको द्वारा रिजेक्ट की गई फाइलों की मॉनिटरिंग इस ऐप द्वारा की जायेगी।